दैनिक भास्कर
होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज

Website Blocked

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
चुनाव 2026
भास्... खास
DB ओ...
स्पो...
बॉ...
जॉब - एजु...
बिज...
लाइ...
जीवन मंत्र



# रायबरेली में जल निगम की पाइपलाइन का रिसाव रुका: ग्रामीणों की शिकायत पर टीम ने मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की

चन्द्र किशोर ओझा | डीह (रायबरेली), रायबरेली
2 महीने पहले



जल निगम की पाइपलाइन का रिसाव की मरम्मत हुई।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें

रायबरेली जिले के पूरे नेम गांव में जल निगम की पाइपलाइन में हो रहे जल रिसाव की समस्या का समाधान कर दिया गया है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के कारण बड़ी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह रहा था।

पाइपलाइन में लीकेज के चलते ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही, रास्तों में जलभराव होने से आवागमन में भी परेशानी हो रही थी।

ग्रामीणों की शिकायत पर जल निगम की टीम ने तत्काल संज्ञान लिया। विभाग के सहकारी कार्यकर्ता सुजीत के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया और रिसाव को पूरी तरह बंद कर दिया।

पाइपलाइन की मरम्मत के बाद अब पेयजल आपूर्ति सुचारू हो गई है। स्थानीय ग्रामीण हरकेश, आदित्य,कल्लू और शिवकेश सहित अन्य लोगों ने इस समाधान पर राहत व्यक्त की है और विभाग के प्रति आभार जताया है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔ +Follow us

## खबरें और भी हैं...

फीडबैक दें

आज का राशिफल
मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से निजात मिलेगी और आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर कोई बेहतरीन कार्य भी पूर्ण कर पाएंगे। कुछ समय अपने रुचि पूर्ण

और पढ़ें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store